## कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई उपखण्ड, देहरादून।

संख्या–330 / ल.सिं. / निविदा / 2021–22 **अल्पकालीन निविदा** दिनांकः 10 / 09 / 2021

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से निम्न कार्यों की सील बन्द निविदायें दिनांक 2709.2021 को विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न लघु सिंचाई उपखण्ड, देहरादून में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। उक्त कार्य की निविदायें दिनांक 24.09.2021 से दिनांक 25.09.2021 को सांय 4.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय देहरादून से बिक्री की जायेगी। सन्दर्भित कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं विभागीय शर्तें आदि किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत 3% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | निविदा की वैधता (माह में) | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चन्द्रोटी हाईड्रम के बंधे का निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 2. | ग्राम पंचायत पाववाला सौडा में गूल निर्माण। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 3. | ग्राम सारगंधावाला में जलाशयों का संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 4. | ग्राम पंचायत पाववाला सौडा में गूल निर्माण। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 5. | रायवाला नहर के क्षतिग्रस्त भागों एवं गूलों की मरम्मत। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 6. | ग्राम सभा प्रतीकनगर वार्ड सं. 06 में श्री फूल सिंह के घर से श्री मुकेश तिवाड़ी के घर तक गूल मरम्मत कार्य। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 7. | ग्राम सभा खैरी कलां में फतेह सिंह के खेत से श्री मोहन सिंह रावत के खेत तक नहर मरम्मत कार्य। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 8. | डी.एल. रोड, नई बस्ती, नालापानी रोड पर उषा देवी के घर के पास आर.सी.सी. द्वारा सुरक्षा कार्य। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 9. | खुड़बुड़ा में गरिमा जैन के घर से नेहा कटारिया के घर तक नाला एवं स्लैब कार्य। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 10. | वार्ड 73 विद्या विहार के सिंगल मण्डी में श्री भुपेन्द्र यादव के घर से लीची बाग तक गूल मरम्मत कार्य। | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 11. | वार्ड 29 के पूर्व संजय कालोनी में आंगनवाड़ी केन्द्र के पास छठ पूजा के घाट एवं पार्क का निर्माण प्रथम भाग। | 30000.00 | 1000+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 12. | गूल मरम्म्मत नवाबवाला, छिद्दरवाला | 12000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |
| 13. | वार्ड सं. 73 विद्या विहार के कुसुम विहार सिंगल मण्डी क्षेत्र में श्री फिरोज के घर से श्री मामचन्द टपरी के घर तक गूल निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500+ जी.एस.टी. | 04 माह | 45 दिन | डी एवं उच्चतर |

**निविदा की शर्तें:–**

1. ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ कार्य की अनुमानित लागत का 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि का राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, डाकघर सावधि जमा पासबुक तथा किसी भी बैंक द्वारा निर्गत एफ.डी.आर., सी.डी.आर. के रूप में अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, देहरादून के नाम बंधक हो, स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा के साथ रू. 100.00 का स्टाम्प पेर पर रू. 1.00 की रसीदी टिकट हस्ताक्षरित होना अनिवार्य होगा।
3. बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. अपूर्ण एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
5. निविदा के शेष नियम निविदा प्रपत्र पर भी देखे जा सकते हैं।
6. बिना सील्ड / बन्द लिफाफे के प्राप्त निविदा प्रपत्रों व सशर्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
7. लिफाफे पर कार्य का नाम लिखना अनिवार्य होगा।
8. यदि कोई ठेकेदार निविदा प्रपत्र डाक से मांगना चाहता है, तो वह निविदा प्रपत्र का मूल्य डाक व्यय सहित समय से भेजकर प्राप्त कर सकते हैं,विलम्ब से डाक प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
9. निविदा में शेडयूल बी0 की मदवार कार्य की अंकित मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है,जिसके लिए ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने पर 7 दिन के अन्दर धरोहर धनराशि समायोजित करते हुए पूरी 10 प्रतिशत जमानती धनराशि जमा करनी आवश्यक होगी और 10 प्रतिशत धनराशि जमा करने के बिना अनुबन्ध किसी भी परिस्थितियों में नहीं किया जायेगा।
11. प्राविधिक परीक्षक (टी0ए0सी0) उत्तराखण्ड द्वारा निरीक्षण के उपरान्त कार्य पर यदि कोई कमी पायी जाती है, या कोई वसूली निकाली जाती है, तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार को वहन करना पड़ेगा। आवश्यकता पड़ने पर टी0ए0सी0 की जांच के उपरांत ही ठेकेदार की जमानत की धनराशि वापस की जायेगी।
12. ठेकेदार के बीजक से नियमानुसार आयकर / जी.एस.टी. / रायल्टी एवं अन्य की कटौती की जायेगी।
13. यदि शासन स्तर / उच्च स्तर से कहीं परिस्थितियों में कार्य को रोकने के निर्देश प्राप्त होते हैं तो संबंधित ठेकेदार को शासन के निर्देशों के परिपालन में कार्य को रोकना होगा।
14. ठेकेदार द्वारा निविदा की दरें प्रतिशत में मान्य होंगी। एक या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
15. ऐसे ठेकेदार जो पूर्व से विभाग में कार्य कर रहे हों और वे अनुबन्ध की शर्तानुसार समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने में असमर्थ रहे हों अथवा कार्य की गुणवत्ता स्तरीय न रही हो, उसकी वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–के पैरा 364 में दिये गये प्राविधानुसार निर्णय लिया जायेगा।
16. निविदा की दरें स्वीकृत प्राक्कलन की दरों से 5 प्रतिशत से अधिक / कम होने पर **'शासनादेश संख्या 6447 / iii(2)ii-20(सा0) / 11 दिनांक 02 जनवरी 2013** के अनुसार **परफारमेन्स सिक्योरिटी** विभाग को डिपोजिट जमा करनी होगी।
17. यदि शासन / उच्च स्तर से किसी अपरिहार्य कारणवश निर्माण कार्य को रोकने के आदेश दिये जाते हैं या उक्त कार्य को स्थगित किया जाता है तो ठेकेदार को उसी स्थिति में कार्य रोकना पड़ेगा तथा ठेकेदार के किये गये कार्य के लिये ही भुगतान का दावेदार होगा तथा अवशेष कार्य हेतु ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
18. निविदा प्रपत्र भरते समय आयकर पैन नम्बर / जी.एस.टी.एन. नम्बर / मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ देना होगा।
19. Defect Liability Period के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, लो.नि.वि., उत्तराखण्ड शासन के आदेश संख्या 1426 / 111(2) / 11–20(सा0) / 11 दिनांक 28 फरवरी 2013 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
20. निविदा लेने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें, अनुबन्ध करने के बाद कोई भी आपत्ति / क्लेम मान्य नहीं होगा।
21. यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा प्राप्त करने या खोलने के दिवस को राजकीय अवकाश घोषित होता है, उस स्थिति में निविदा प्राप्त / खोलने की प्रक्रिया की तिथि अगले कार्य दिवस को की जायेगी।
22. बिल पर नियमानुसार देय जी.एस.टी. का भुगतान विभाग द्वारा बिल की धनराशि में जोड़कर किया जायेगा, जिसको जमा कराने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का होगा।

**सहायक अभियन्ता**
**लघु सिंचाई खण्ड, देहरादून**

# भारत नेपाल की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू

**युद्धाभ्यास**

## दोनों देशों के अधिकारी एक दूसरे से हुए रूबरू

### दोनों देशों के सैनिक आंतकवादी गतिविधियों से निपटने और हथियार संचालन के गुर सीख रहे है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में सेना क्षेत्र में पन्द्रहवें सूर्य किरण आपरेशन के तहत भारत नेपाल की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू हो चुका है। दोनो देशों के के अधिकारी एक दूसरे से रूबरू हुए। बता दें कि नेपाल के तीन सौ अधिकारी और सैनिकों का सेना छावनी में शनिवार से युद्धाभ्यास व अन्य गतिविधियां जारी है।

जानकारी के मुताबिक नेपाल सेना के दल में अठारह अधिकारी ,पन्द्रह जूनियर कमीशन आफिसर और दो सौ सडसठ सैनिक शामिल हो रहे है। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक आंतकवादी गतिविधियों से निपटने और हथियार




संचालन के गुर सीख रहे है। दोनों देशों की सेनायें एक दूसरे के हथियारों , उपकरणों ,रणनीति ,तकनीकी और पहाड़ी इलाकों में आतंकवारोधी प्रक्रियाओं से परिचित भी हो रहे है।

युद्धाभ्यास के दौरान पहाड़ी इलाकों में उग्रवाद का मुकाबला करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। चौदह दिन तक यहां सेना अभ्यास क्षेत्र में यह सैन्य अभ्यास आयेजित किया जा रहा है। यह सैन्य प्रशिक्षण दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबधों को बेहतर बनाने के साथ ही भविष्य के लिए पारंपरिक संबधों को को मजबूती प्रदान करने में सक्षम साबित हो सकेगा। इससे पहले सूर्य किरण युद्धाभ्यास नेपाल में साल 2019 में हो चुका है। दोनों देशों के बीच आपरेशन सूर्य किरण का सीमांत जनपद में आयोजन किया जाना मैत्री संबंध बनाने में खासतौर पर एक बड़ा कदम है।

सेना क्षेत्र में यह सैन्य युद्धाभ्यास सूर्यकिरण आपरेशन सेना के लेफटीनेट जनरल एसएस महल के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में भारत से तीन सौ पचास और नेपाल से तीन सौ सैनिक शामिल है। वही संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक युद्व कौशल के साथ युद्व तकनीक का आदान प्रदान करते नजर आ रहे है।

## बागेश्वर में भाजपा ने फूंका विधानसभा चुनाव का बिगुल

बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में कपकोट विधानसभा के 188 बूथों के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव का विगुल फूंकने को कहा गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। प्रदेश सरकार ने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में बेहतर काम किया है।



## अनिल वर्मा ने किया रिकॉर्ड 139 वीं बार रक्तदान

**संवाददाता** देहरादून। 'दून वैली महानगर उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई द्वारा द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन पल्टन बाजार स्थित सीएनआई ब्वॉयज इंटर कॉलेज में महन्त इंद्रेश अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में कुल 154 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।' रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी व जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आर राजेश कुमार ने स्वयं रक्तदान करके किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा ने 139 वीं बार रक्तदान किया।' 'जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार द्वारा अनिल वर्मा को प्रमाणपत्र प्रदान करके सम्मानित किया।'

## मोटर मार्ग का वन भूमि स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार करने की मांग को लेकर धरना

### अधिकारियो से वार्ता करने के बाद ग्रामीणों ने किया धरना समाप्त

**संवाददाता** पुरोला। ब्लाक मोरी के सेवा,बरी गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को भी धौला से बरी सेवा डोखरी स्वीकृत मोटर मार्ग का वन भूमि स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार करने की मांग को लेकर तहसील में धरना दिया। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियो के तहसील में पहुंचने पर धरना समाप्त किया।

गोविंद वन्य जीव विहार क्षेत्र के सेवा,बरी गांव के लिए धौला से बरी सेवा डोखरी स्वीकृत 13 किमी मोटर मार्ग का वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव तैयार करने की मांग को लेकर यहां बुधवार को दूसरे दिन भी तहसील में धरना जारी रहा। बाद में संबंधित विभागो के अधिकारियो से वार्ता करने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। तहसीलदार चमन सिंह ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों की ग्रामीणों के साथ बैठक हुई है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 सितम्बर को गोविंद वन्य जीव विहार, लोनिवि व राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्वीकृत मोटर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। उन्होने बताया कि 15दिन के अंदर वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव तैयार कर दिया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार चमन सिंह, गोविंद वन्य जीव विहार के उप निदेशक डीपी बलूनी,प्रमुख मोरी बचन पंवार,जिला पंचायत सदस्य मिनू कुवंर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोजी सिंह सौंदाण, थम्पी सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## विश्व पर्यटन दिवस से होगा साहसिक खेलों का आगाज

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोरोना संकट के चलते शिथिल पड़ी साहसिक खेल गतिविधियां फिर से शुरू होंगी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अगले एक माह तक जिले में विभिन्न साहसिक खेलकूद गतिविधियों के साथ ही गुंजी गांव में शिवोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसकी शुरू आत 26 सितंबर को जिला मुख्यालय में साइकिल यात्रा से होगी। जिलाधिकारी आशीष चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रमों का खाका खींचा गया। बैठक में तय हुआ कि विश्व पर्यटन दिवस से एक रोज पूर्व 26 सितंबर को जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। 27 सितंबर को भाटकोट में तीन दिवसीय शिलारोहण प्रशिक्षण की शुरू आत होगी। 29 सितंबर को पर्यटन स्थल चंडाक, चौकाड़ी, खलियाटॉप में सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आम जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## एयरटेल ग्रीन हाउस गैसेज का जलवायु परिवर्तन के वैश्विक प्रयासों में हुआ शामिल

**संवाददाता** देहरादून। भारत की दूरसंचार सेवाओं की अग्रणी प्रदाता भारती एयरटेल लिमिटेड (एयरटेल) ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और पृथ्वी के सुदृढ़ीकरण व स्थायित्व के लिए वैश्विक प्रयासों में योगदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की है। एयरटेल साइंस बेस्ड टार्गेट्स इनिशिएटिव्स (एसबीटीआई) के 1.5 डिग्री सेल्सियस के लिए बिजनेस एम्बिशन अभियान में शामिल हो गया है। एयरटेल अपने नेटवर्क संचालन से कार्बन फुटप्रिंट और उत्सर्जन को कम करने के लिए लक्ष्यों को निर्धारित किया है। इसके साथ ही एयरटेल प्रमुख वैश्विक कॉर्पोरेशन्स की लीग में शामिल हो गया है।

## पिथौरागढ़ में पौण पपदेव में दिखाई दिया गुलदार का जोड़ा

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय के नजदीकी गांवों में गुलदार का खौफ कम नहीं हो रहा है। बुधवार की सुबह पौण और पपदेव गांव की सीमा पर गुलदार का जोड़ा टहलता दिखा। गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम पूरे दिन गश्त में जुटी रही। दो रोज पूर्व सेरा पाटा गांव में एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ था।